आज दिनांक 16-11-2023 को राजकीय महाविद्यालय, सुघ-भटोली में नये मतदाता नामांकन को बढ़ाने हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चुनाव कानूनगो श्री रॉबिन धीमान, श्री पदम (पर्यवेक्षक) श्री सतीश (बी एल ओ) और टीम के अन्य सदस्यों ने 17 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विद्यार्थियों से भावी मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए कहा। उन्होंने यह भी बताया कि नए वोट बनवाने के लिए किन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है और वे कैसे अपने दस्तावेजों के साथ बी एल ओ के पास जाकर अपना वोट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने गांवों में जाकर लोगों को नए वोट बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य शशि भूषण एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

Principal
Govt. Degree College
Sugh-Bhatoli Teh. Indora
Kangra (H.P.) 176022

Assistant Professor
Govt. College, Sugh Bhatoli
Dist. Kangra (H.P.)

नवमतदाता नामांकन शिविर (November 18, 2023)

आज दिनांक 18/11/2023 को इलेक्ट्रोल साक्षरता क्लब (ELC) जीडीसी सुघ-भटोली द्वारा राजकीय डिग्री कॉलेज "सुघ-भटोली" में नए मतदाता नामांकन को बढ़ाने के लिए एक जागरूपता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एसडीएम इंदौरा श्री सुरेंद्र ठाकुर जी, चुनाव कानूनगो श्री रोबिन धीमान जी ने छात्रों को अपने वोट बनाने के लिए कहा और फॉर्म नंबर 6, 7, 8 के बारे में भी बताया कि कैसे वे इन फॉर्म को भरकर नए वोट बना सकते हैं और सुधार करें और वोट भी कट सकते हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि नया वोट बनवाने के लिए किन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है और वे किस प्रकार अपने दस्तावेजों के साथ बीएलओ के पास जाकर अपना वोट बनवा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने गांवों में जाकर लोगों को नए वोट बनाने के लिए प्रेरित करने को भी कहा। इस अवसर पर समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे।

Assistant Professor
Govt. College, Sugh Bhatoli
Distt. Kangra (H.P.)

Principal
Govt. Degree College
Sugh-Bhatoli Teh. Indora
Kangra (H.P.)